**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**डाक विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2940**
**उत्तर देने की तारीख 06 अगस्त, 2025**

**अंत्योदय श्रमिक सुरक्षा योजना**

**2940. श्री देवुसिंह चौहान :**

**क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) अंत्योदय श्रमिक सुरक्षा योजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार इस योजना के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन हेतु किसी संगठन या गैर सरकारी संगठन के साथ सहयोग कर रही है;

(ग) यदि हां, तो इसमें शामिल संगठनों और उनकी विशिष्ट भूमिकाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) इस योजना से लाभान्वित श्रमिकों और परिवारों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त योजना के विस्तार या संवर्धन हेतु भविष्य में लागू की जाने वाली योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) द्वारा इस स्कीम को गुजरात के खेड़ा जिले में जुलाई 2023 में पायलट आधार पर लॉन्च किया गया था।

(ख) जी, नहीं। आईपीपीबी ने किसी सरकारी संगठन या गैर सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.) के साथ सहयोग नहीं किया है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) अंत्योदय श्रमिक सुरक्षा योजना (एएसएसवाई) से कुल 8,42,514 श्रमिक और परिवार लाभान्वित हुए हैं।

(ङ) आईपीपीबी ने एएसएसवाई के अंतर्गत ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों को कवर करने के लिए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) के साथ टाई अप किया है।

*****